पत्रांक–वि॰प्रा॰ (IV) यो०–12/2022–

बिहार सरकार
विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0), बिहार
वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

/पटना, दिनांक–

विषय–सात निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत शिवहर जिला में स्थापित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर को पूर्णतः आवासीय एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने हेतु रैयती भूमि सतत् लीज नीति के तहत शिवहर जिला अन्तर्गत अंचल–पिपराही, मौजा–छतौना, थाना सं०–112 में 5.47 एकड़ एवं मौजा–नारायणपुर, थाना सं०–113 में 2.06 एकड़ अर्थात् कुल रकवा 7.53 एकड़ रैयती भूमि के अर्जन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल राशि रू० 4,08,04,000.00 (चार करोड़ आठ लाख चार हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध प्रथम किस्त के रूप में कुल रू० 66,00,000.00 (छियासठ लाख रूपये) मात्र की वित्तीय वर्ष 2026–27 में उक्त राशि समाहर्त्ता शिवहर को विमुक्त करने की स्वीकृति के संबंध में।

आदेश– स्वीकृत।

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–953, दिनांक–16.02.2026 के द्वारा सात निश्चय कार्यक्रम अन्तर्गत शिवहर जिला में स्थापित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर को पूर्णतः आवासीय एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने हेतु रैयती भूमि सतत् लीज नीति के तहत शिवहर जिला अन्तर्गत अंचल–पिपराही, मौजा–छतौना, थाना सं०–112 में 5.47 एकड़ एवं मौजा–नारायणपुर, थाना सं०–113 में 2.06 एकड़ अर्थात् कुल रकवा 7.53 एकड़ रैयती भूमि के अर्जन हेतु कुल राशि रू० 4,08,04,000.00 (चार करोड़ आठ लाख चार हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 में उक्त राशि समाहर्त्ता शिवहर को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी, परन्तु वित्तीय वर्ष 2025–26 में राशि विमुक्त नहीं की गयी थी।

2. उक्त के आलोक में राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में कुल राशि रू० 4,08,04,000.00 (चार करोड़ आठ लाख चार हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध प्रथम किस्त के रूप में कुल रू० 66,00,000.00 (छियासठ लाख रूपये) मात्र, वित्तीय वर्ष 2026–27 में समाहर्त्ता, शिवहर को विमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की है।

3. उक्त स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग सं०–43 के अन्तर्गत राज्य स्कीम बजट के "मुख्यशीर्ष –4202–शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्यशीर्ष–02– तकनीकी शिक्षा, लघु शीर्ष–105– इंजीनियरिंग/तकनीकी कॉलेज तथा संस्थान, उप शीर्ष–0106– अभियंत्रण महाविद्यालय (निश्चय)" के विषयशीर्ष–53 02–भू–अर्जन में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा, जिसका विपत्र कोड 43–4202021050106 है।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उप निदेशक (त०) विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार पटना होंगे।

5. इस राशि की निकासी सचिवालय कोषागार (निर्माण भवन), विश्वश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी तथा राशि CFMS प्रणाली से जिला भू–अर्जन पदाधिकारी के नाम से संचालित निम्नवत् PDA खाता में अंतरित किया जायेगा–

(i) Deposit Account Number- SHRPDA003

(ii) Receipt HoA- 00-8443-00-106-0006-00-01

(iii) Payment HoA- 00-8443-00-106-0006-00-02

6. विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–953, दिनांक–16.02.2026 के कंडिका–4 में उल्लेखित खाता विवरणी त्रुटिपूर्ण होने के कारण कंडिका–4 को विलोपित किया जाता है।

7. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

8. निकासी की जाने वाले राशि का व्यय, बिहार वित्त नियमावली, बिहार वित्त (संशोधन) नियमावली–2024 एवं वित्त विभाग के विभिन्न पत्रों एवं निदेशों के आलोक मे की जाएगी।

9. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–12888/वि०, दिनांक–03.12.2024 के आलोक में सक्षम स्वीकृति प्राधिकार के अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है तथा आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–वि॰प्रा॰**(IV)** यो०–12/2022–के पृ० 119/टि० पर प्राप्त है।

10. समाहर्त्ता, शिवहर द्वारा उक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र विहित प्रपत्र में समय सीमा के अन्तर्गत उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

11. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि(2) दिनांक–05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–
(कुमार सिद्धार्थ)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) यो०–12/2022– /पटना, दिनांक–
प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) यो०–12/2022– /पटना, दिनांक–
प्रतिलिपिः–समाहर्त्ता, शिवहर को उनके पत्रांक–1517/रा०, दिनांक–06.08.2024 के आलोक में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) यो०–12/2022– /पटना, दिनांक–
प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (निर्माण भवन), विश्वश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) यो॰–12 / 2022– / पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि:– प्राचार्य, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह॰ / –
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक– वि॰प्रा॰ (IV) यो॰–12 / 2022– 2961 / पटना, दिनांक– 21.05.26
प्रतिलिपि:–माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव / सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी (M) / सहायक प्रशाखा पदाधिकारी (बजट) / लेखा शाखा / आई॰टी॰ मैनेजर (विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/5/26
सरकार के संयुक्त सचिव